**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या. 1705**
**(जिसका उत्तर सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया गया)**

**वाल्मीकि नगर में पीएमआईएस के तहत किया गया कार्य**

**1705. श्री सुनील कुमारः**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना का विस्तार करने के लिए विशेषकर उपलब्ध प्रशिक्षुओं की संख्या और इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के संदर्भ में तैयार की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का लोगों को प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना में भाग लेने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए कतिपय उपायों को कार्यान्वित करने का विचार है ताकि इंटर्न अभ्यर्थियों के बीच समावेशिता और विविधता सुनिश्चित की जा सके; और
(ग) यदि हां, तो बिहार के वाल्मीकि नगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**

**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क):** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा बजट 2024-25 में की गई थी। इसका लक्ष्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना के एक पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। यह योजना एक ऑनलाइन पोर्टल https://pminternship.mca.gov.in के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। अक्टूबर 2024 में आरम्भ हुए पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट के पहले राउंड में, भागीदार कंपनियों द्वारा 1.27 लाख से अधिक इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए गए थे। पायलट प्रोजेक्ट का दूसरा राउंड जनवरी 2025 में आरम्भ हुआ और कंपनियों ने देश भर में 1.18 लाख से अधिक अवसर (नए और पिछले दौर के संपादित

अपूर्ण अवसर दोनों) पोस्ट किए हैं। पीएम इंटर्नशिप योजना- पायलट प्रोजेक्ट के लिए भागीदार कंपनियों में पिछले 3 वर्षों में औसत कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) व्यय के आधार पर चुनी गई शीर्ष 500 कंपनियां शामिल हैं, जो विमानन और रक्षा, ऑटोमोटिव, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, रासायनिक उद्योग, तेल, गैस और ऊर्जा आदि सहित कई विविध क्षेत्रों को कवर करती हैं। इसके अतिरिक्त, योजना के दिशानिर्देशों में यह प्रावधान है कि योजना में भाग लेने की इच्छुक कोई भी कंपनी/बैंक/वित्तीय संस्था कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) से संपर्क कर सकती है, जो कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगा।

**(ख) और (ग):** पीएम इंटर्नशिप योजना पोर्टल (पोर्टल) जो एंड-टू-एंड योजना कार्यान्वयन और इंटर्नशिप लाइफसाइकल प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करता है, देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से समावेशिता बढ़ाने के लिए 12 विभिन्न भाषाओं में सुलभ है।

पीएमआईएस- पायलट प्रोजेक्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, देश के सभी हिस्सों से प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर उम्मीदवारों का एक पूल पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक इंटर्नशिप अवसर के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया का उद्देश्य संबंधित कंपनी को उनकी संबंधित प्रक्रियाओं और मानदंडों के अनुसार आगे के चयन के लिए भेजी गई शॉर्टलिस्ट में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों के साथ-साथ, दिव्यांगजनों का प्रतिनिधित्व प्रदान करके इंटर्नशिप कार्यक्रम में विविधता और सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय योजना के प्रचार और कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों, केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और विभागों और उद्योग संघों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। मंत्रालय देश भर में लक्षित समूहों तक पहुंचने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार कार्यकलाप भी कर रहा है।

पीएमआईएस-पायलट प्रोजेक्ट के राउंड-I में, पश्चिम चंपारण के उम्मीदवारों को कंपनियों द्वारा लगभग 121 ऑफर दिए गए, जिनमें से 45 उम्मीदवारों ने ऑफर स्वीकार कर लिए हैं। आज की तारीख तक पश्चिम चंपारण के 12 उम्मीदवार इंटर्नशिप में शामिल हो चुके हैं।

चल रहे राउंड-II में, बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में भागीदार कंपनियों द्वारा 15 इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए गए हैं, जो बिहार के वाल्मीकि नगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। राउंड-II में उम्मीदवारों के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है।

*****